**7वें वेतनमान का हिसाब-किताब चुकता** • आदेश जारी, अफसर को औसतन 30663 रु. तो कर्मचारी को 20654 रु. मिलेंगे

# 7.50 लाख कर्मचारियों को एरियर की 75% शेष राशि होली के पहले

## सरकार के खजाने पर आएगा एक हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ

भास्कर न्यूज | भोपाल

राज्य सरकार ने प्रदेश के 7.50 लाख अफसरों और कर्मचारियों का 7वें वेतनमान का हिसाब-किताब चुकता कर दिया है। वित्त विभाग ने इस वेतनमान के एरियर की शेष तीसरी किस्त की 75 फीसदी राशि कर्मचारियों के खातों में डालने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें शिक्षक संवर्ग भी शामिल हैं। यह राशि अगले एक-दो दिन या होली से पहले कर्मचारियों को मिल जाएगी। एरियर की 25 फीसदी राशि सरकार पहले ही दे चुकी है। शेष राशि मिलने से प्रदेश के 30 हजार प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के अफसरों को एकमुश्त औसतन 30663 रु. और कर्मचारियों को 20654 रु. मिल जाएंगे। इससे सरकार के खजाने पर करीब एक हजार करोड़ रु. का अतिरिक्त भार आएगा।

## एरियर का गणित : दो किस्तों का पैसा समय पर मिला, तीसरी का 25% ही दिया था

- 7वें वेतनमान के एरियर के भुगतान पर कुल खर्च 4200 से 4500 करोड़ रु. अनुमानित था। राज्य सरकार ने 22 जुलाई 2017 को वेतनमान देने के आदेश दिए और 1 जनवरी 2016 से जून 2017 तक 18 महीने की एरियर राशि का भुगतान तीन किस्तों में देने का फैसला लिया था।
- पहली किस्त का भुगतान मई 2018, दूसरी का मई 2019 और तीसरी किस्त का मई 2020 में होना था। दो किस्तें तो समय पर दे दी गईं। इसमें कर्मचारियों को 50% राशि नकद और 50% जीपीएफ अकाउंट में डाली गई।
- तीसरी किस्त की 25 फीसदी राशि तो मई 2020 में दी गई, लेकिन 75% राशि कोरोनाकाल के वित्तीय संकट के चलते अटक गई थी, जो अब देने के आदेश हुए हैं। यानी शासकीय सेवकों को 10 महीने बाद वेतनमान के एरियर का पूरा पैसा मिल रहा है।

## किसको-कितना मिलेगा : सुपर क्लास अफसर के खाते में आएंगे 45 हजार, चतुर्थ श्रेणी को 18654 रु.

- **सुपर क्लास :** इन अफसरों की संख्या करीब एक हजार है। इन्हें एरियर 1 लाख 75 हजार से 1 लाख 80 हजार के बीच मिलना था। दो किस्तों के 1 लाख 20 हजार और तीसरी किस्त की 25% राशि के 15 हजार रु. पहले मिल चुके हैं। अब उन्हें 45 हजार रुपए के करीब मिलेंगे।
- **क्लास 1,2,3 :** इनकी संख्या 3 लाख से ज्यादा है। इनका 18 महीने का एरियर 1 लाख 14 हजार 654 रुपए के करीब बना। इन्हें पहली दो किस्तों के 76438 रुपए मिल चुके हैं। 2020 में जो राशि देय थी, वह 38218 रुपए थी, जिसमें से 25% देय राशि में 9555 रुपए मिलना था। इसमें से 1147 रुपए तो जीपीएफ में जमा कर दिए गए थे और 8408 रुपए नगद दिए गए। अब बची 75% राशि थी जो 28 हजार से 30663 रुपए की बीच है, जिसका भुगतान किया गया है।
- **चतुर्थ श्रेणी :** इनकी संख्या 47 हजार के करीब है। उन्हें पिछला दो किस्तों के भुगतान के बाद अब 18654 रुपए मिलेंगे।
- **एनपीएस वाले 4.5 लाख :** प्रदेश में साढ़े चार लाख ऐसे कर्मचारी जो 1 जनवरी 2005 की बाद सेवा में आए हैं जिनके वेतन से कटौती न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) में होती है। उन्हें मिलने वाली राशि में से 10 फीसदी हिस्सा उनके एनपीएस अकाउंट में जमा कर दिया जाएगा और बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

भास्कर

**कैबिनेट ने नई तबादला नीति को दी मंजूरी**

## प्रदेश में अब 1 अप्रैल से नहीं, 1 मई से होंगे तबादले

भास्कर न्यूज | भोपाल. मप्र में तबादलों पर से प्रतिबंध अब 1 अप्रैल की बजाए 1 मई से पूरे माह के लिए हटेगा। मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद हुई चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया। ट्रांसफर एक माह आगे बढ़ने के पीछे बड़ी वजह मंत्रियों को जिलों का प्रभार नहीं मिलना और कोरोना संक्रमण को माना जा रहा है। तबादला नीति-2021 में यह भी तय किया गया है कि एक साल के भीतर हुए तबादलों में दोबारा कोई बदलाव नहीं होगा। यदि फिर भी ट्रांसफर करना जरूरी हो तो प्रकरण मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री समन्वय तक जाएगा। क्लास वन अधिकारी यदि अपने ट्रांसफर से नाखुश हैं तो वह अभ्यावेदन मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव को भेजेगा। चतुर्थ श्रेणी की शिकायत पर फैसला विभागीय मंत्री, अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव लेंगे।

शेष | पेज 11 पर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ ...10... दिनांक 17/03/2021

**शिवराज ने की समीक्षा:** बोले- लॉकडाउन की ओर नहीं ले जाना प्रदेश, इसलिए पाबंदियां

# भोपाल और इंदौर में नाइट कर्फ्यू ग्वालियर-जबलपुर समेत 8 शहर रडार पर

## गृह विभाग ने जारी की गाइडलाइन

**प्रदेश में फिर मिले 800 से ज्यादा नए मामले,** 5.2 फीसदी पर पहुंची संक्रमण दर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


भोपाल. राज्य में कोरोना का कहर जारी है। मंगलवार को प्रदेश में संक्रमण के 817 नए केस मिले। अब राजधानी भोपाल और इंदौर में 17 मार्च यानी बुधवार से नाइट कर्फ्यू लगाया जाएगा। यहां रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। ग्वालियर और जबलपुर में रात 10 बजे बाजार बंद करना होंगे। हालांकि यहां आने-जाने पर पाबंदी नहीं रहेगी। इनके समेत 8 शहर और नाइट कर्फ्यू के रडार पर हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना की समीक्षा बैठक में हालात देखने के बाद यह निर्णय किया है। उन्होंने कहा, प्रदेश को लॉकडाउन की ओर नहीं ले जाना है, इसलिए सजग रहने की जरूरत है।

उज्जैन, रतलाम, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, बैतूल और खरगोन में भी संक्रमण के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में यदि स्थिति काबू में नहीं आई तो इन शहरों में भी नाइट कर्फ्यू लगाया जा सकता है। देर शाम गृह विभाग के एसीएस राजेश राजौरा ने नाइट कर्फ्यू की गाइडलाइन जारी कर दी। नाइट कर्फ्यू वाले शहरों में केमिस्ट, राशन, और खान-पान की दुकानें खुली रहेंगी। गैर जरूरी यातायात बंद रहेगा। अस्पताल, एयरपोर्ट, रेलवे और बस स्टैंड आने-जाने की अनुमति रहेगी।

### सावधानी और लापरवाही की दो तस्वीरें



इंदौर. परीक्षा देने आए छात्रों ने सावधानी बरतते हुए मास्क लगाया।



भोपाल. धारा-144 लागू के बावजूद युवा ने ऐसे प्रदर्शन किया।

### 10 शहरों में जुलूस, मेले-गैर पर पाबंदी

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, बैतूल और खरगोन में होली के जुलूस, मेले व गैर बैन रहेंगे। खुले मैदान वाले आयोजनों में सौ से ज्यादा लोगों के लिए मंजूरी लेनी होगी।

### ओपन जेल, मास्क न लगाने पर जुर्माना

जहां संक्रमण के ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं, वहां मास्क नहीं पहनने पर जुर्माना लगाया जाएगा। कुछ समय के लिए मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्ति को मूवमेंट से रोकने के लिए ओपन जेल की व्यवस्था है।

**महाराष्ट्र से आने वालों पर सख्ती:** शिवराज ने अधिकारियों से चर्चा कर कोरोना की स्थिति जानी। उन्होंने महाराष्ट्र से आने वाले लोगों की थर्मल स्क्रीनिंग आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिए। ऐसे यात्रियों को एक सप्ताह तक होम आइसोलेशन में भी रहना होगा।




### हो रही लापरवाही

वर्तमान में स्थिति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि बड़े समारोहों और उत्सवों में अधिक संख्या में भागीदारी और कोरोना से बचाव की सावधानियों के पालन में लापरवाही हो रही है।

**शिवराज सिंह चौहान,** मुख्यमंत्री

### ऐसे बढ़ रहा कोरोना ग्राफ



संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 14 दिनांक 17/03/2021

# कार्य बंद रख हत्यारों पर कार्रवाई की मांग

## निगम सफाई कर्मचारी सोनू डागर की हत्या का मामला, कर्मचारियों ने की नारेबाजी

रतलाम( नईदुनिया प्रतिनिधि)। सुभाष नगर में छह मार्च को घर के बाहर बैठे सुनील डागर पर जानलेवा हमले के बाद उपचार के दौरान मौत होने से नाराज स्वजन व आदर्श वाल्मीकि पंचायत, निगम सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्य सहित हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारी मंगलवार को नगर निगम पहुंचे और हत्यारों पर कार्रवाई के साथ ही सोनू के स्वजन को आर्थिक सहायता व अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की।

सुबह करीब 11 बजे निगम के गेट पर सहायक आयुक्त के ज्ञापन लेने आने पर सभी लोग नाराज हो गए और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को बुलाने की मांग करने लगे, उनके नहीं आने पर नारेबाजी शुरू कर दी। बाद में एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत निगम पहुंचे और ज्ञापन लिया। विरोध स्वरूप मंगलवार को शहर में सफाई कार्य भी बंद रखा गया। इसके चलते कचरा संग्रहण वाहन भी निगम में ही खड़े रहे।

आदर्श वाल्मीकि पंचायत शहर द्वारा दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया कि सुनील निगम के स्वास्थ्य विभाग में दैनिक वेतनभोगी सफाई संरक्षक के पद पर कार्यरत था। छह मार्च को घर के सामने रहने वाले अमन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी सुभाष नगर, अयान खान ऊंकाला रोड व मदिना पत्नी अब्दुल अजीज से जन्मदिन की पार्टी में शोर मचाने से रोकने को पर विवाद हो गया था। आरोपितों ने सुनील पर चाकू से हमला कर दिया था। इंदौर में उपचार के दौरान सात दिन बाद उसकी मौत हो गई। हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चला कर फांसी की सजा दिलवाई जाए। दिल्ली सरकार की तर्ज पर पीड़ित परिवार को एक करोड़ की सहायता राशि व सुनील की पत्नी दीक्षा को नगर निगम में नौकरी दी जाए।

ज्ञापन के दौरान विजय खरे शहर पटेल, मनोज चावरे अध्यक्ष, हितेश पैमाल, सुनील रान्वे आदि मौजूद थे।



एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत को ज्ञापन देते हुए समिति पदाधिकारी। ●नईदुनिया



नगर निगम मे प्रदर्शन करते हुए आदर्श वाल्मीकि पंचायत, निगम सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्य। ●नईदुनिया

### सात दिन की चेतावनी

आदर्श वाल्मीकि पंचायत ने शासन-प्रशासन को सात दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि अगर मांग नहीं पूरी की गई तो शहर की सफाई व्यवस्था अनिश्चितकालीन रूप से बंद कर दी जाएगी।

### विधायक से भी मांगी सहायता

शहर विधायक चेतन्य काश्यप से भी वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारी परिवार को सहायता राशि देने की मांग की है। भाजपा नेता बलवंत भाटी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और पीड़ित परिवार को 11 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की।

# सोनू के हत्यारों को कड़ी सजा के लिए धरना

## दो घंटे तक चला प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सुभाषनगर में हुई हत्या के आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर मंगलवार को सफाईकर्मी हड़ताल पर रहे। इधर सफाईकर्मी संगठनों सहित हिंदू संगठनों के पदाधिकारी सुबह 11 बजे नगर निगम के गेट पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। एसडीएम अभिषेक गेहलोत और नगर निगम के सहायक आयुक्त पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि सात दिन में आर्थिक सहायता नहीं मिली और पत्नी को नौकरी नहीं दी और धारा नहीं बढ़ाई तो शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप कर दी जाएगी।

ज्ञापन का वाचन हितेश पैमाल ने किया। इस मौके पर राजेश कटारिया, बलवंत भाटी, झमक भरगट, महेंद्र कटारिया मौजूद थे। 6 मार्च की रात को सुभाष नगर निवासी सुनील उर्फ सोनू डागर को चाकू मार दिया था जिससे इंदौर में मौत हो गई थी।



नगर निगम गेट पर धरना देते हिंदू संगठन के पदाधिकारी व सफाईकर्मी संघ

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका —पृष्ठ 09 दिनांक 17/03/2021

सीएम ने दिए निर्देश, रतलाम में सख्ती शुरू

# कोरोना इफैक्ट

# रतलाम में आज से फिर रात 10 बजे बाद बाजार होगा पूरी तरह से बंद

## कोरोना की दूसरी लहर से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में रतलाम भी शामिल

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर से रतलाम भी अछूता नहीं रहा है। प्रदेश के जिन जिलों में कोरोना संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है, उनमें रतलाम को शामिल किया गया है। यही कारण है कि हालात को संभालने के लिए फिर से थोड़े से सख्त कदम उठाने की तैयारी की है। इसके चलते बुधवार से बाजार रात 10 बजे बाद पूरी तरह से बंद होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आदेश जारी किए हैं।

रतलाम जिले में बीते 7 दिनों के दौरान रतलाम में 135 नए मरीज सामने आए हैं जबकि दो लोगों की मौत हो गई है। लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए मंगलवार से कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर सीएसपी और एसडीएम शहर शहर की सड़कों पर उतरे और बिना मास्क वालों पर कार्रवाई की। इसके लिए प्रशासन ने शहर में नगर निगम और पुलिस कर्मियों को साथ लेकर 10 टीमें गठित की हैं।

### पुलिस-प्रशासन ने संभाली कमान

कोरोना के बढ़ते मामलों को देख रतलाम में पुलिस और प्रशासन ने कमर फिर से कस ली है। मंगलवार को पुलिस-प्रशासन और नगर निगम का अमला अलग-अलग टीमों के रूप में शहर के विभिन्न चौराहों और बाजारों में कार्रवाई के लिए निकला। इस दौरान इन लोगों के द्वारा बाजार में बिना मास्क के घूमने वाले वाहन चालकों के चालान बनाए गए। साथ ही लोगों को नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी।

### तो भेज देंगे खुली जेल में

बिना मास्क के सड़कों पर घूमने वाले लोगों पर कार्रवाई के लिए मंगलवार की सुबह शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत और सीएसपी हेमंत चौहान भी टीम के साथ निकले वह अलग-अलग चौराहों पर खड़े होकर कार्रवाई की। साथ ही लोगों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करने की हिदायत भी दी। एसडीएम ने बताया कि लोगों को अगले एक-दो दिन तक फिर से मास्क पहनने के लिए समझाइश देकर चालानी कार्रवाई की जाएगी लेकिन फिर भी यदि कोई नहीं मानता है तो फिर ऐसे लोगों को खुली जेल भेजा जाएगा।

### इनका कहना है

शहर में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इसको देखते हुए कोविड 19 की गाइड लाइन का सभी को अनिवार्य रूप से पालन करना है। यदि कोई व्यक्ति गाइड लाइन का पालन नहीं करता है तो उन्हें अस्थायी जेल भेजने की कार्यवाही भी की जाएगी।

- अभिषेक गहलोत,
एसडीएम शहर

### 129 व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई

शहर में अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से चालानी कार्यवाही करते हुए बिना मास्क के पाए गए 53 व्यक्तियों पर अर्थदण्ड किया। 16 मार्च को 129 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही की गई। रात तक सभी टीमें विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करती हुई नजर आई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ---पृष्ठ 13 दिनांक 17/03/2021

पत्रिका

**मृतक के परिजन व समाजजन ज्ञापन देने निगम पहुंचे तो आयुक्त नहीं आए**

# हत्या का प्रकरण दर्ज कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की मांग, एसडीएम ने खुलवाया ननि का गेट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. सुभाष नगर में दस दिन पूर्व घर के बाहर युवक पर हुए जानलेवा हमले के बाद उपचार के दौरान युवक की मौत होने से नाराज परिजन व समाजजन मंगलवार को सड़क पर आ गए। युवक की मौत के मामले में हत्या का मामला दर्ज करने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायत देने व पत्नी को नौकरी की मांग को लेकर नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष सामिति और आदर्श वाल्मीकि पंचायत से जुड़े लोग नगर निगम पहुंचे। यहां पर जब इनके द्वारा आयुक्त सोमनाथ झारिया को ज्ञापन देने के लिए बुलाया गया तो वह नहीं आए, इस बात से नाराज लोगों ने यहां पर मुर्दाबाद के नारे लगाकर गेट बंद कर दिया और धरने पर बैठ गए। हंगामे की सूचना पर शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत निगम पहुंचे और पीड़ित परिवार व समाजजनों से चर्चा की और ज्ञापन लिया। पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता के लिए भाजपा नेता बलवंत भाटी द्वारा स्वयं की ओर से 11 हजार रुपए की मदद की गई।

आदर्श वाल्मीकि पंचायत शहर रतलाम ने बताया कि सुनील निगम के स्वास्थ्य विभाग में दैनिक वेतनभोगी सफाई संरक्षक के पद पर कार्यरत था। 6 मार्च को सुनील का विवाद घर के सामने रहने वाले अमन पिता अब्दुल अजीज निवासी सुभाष नगर, अयान खान निवासी उकाला रोड व मदिना पति अब्दुल अजीज सुभाष नगर रतलाम व इनके साथियों से स्वयं के घर के बाहर बैठने पर हो गया था। विवाद के चलते आरोपियों ने सुनील पर हमला कर दिया था, गंभीर हालात में सुनील को जिला अस्पताल में भर्ती किया था, जहां से इंदौर रेफर कर दिया था। दस दिन तक इलाज हुआ और मौत हो गई, जिससे समाजजनों में आक्रोश पैदा हो रहा है।

## छोटी धाराओं में है केस

आदर्श वाल्मीकि पंचायत मांग करती है कि हत्या का मुकदमा दर्ज करके अपराधियों को फास्ट ट्रेक कोर्ट में केस चला कर तत्काल प्रभाव से फांसी की सजा दिलवाई जाए। पीड़ित परिवार को दिल्ली सरकार की तर्ज पर 1 करोड़ की सहायता दी जाए। निगम में कार्यरत सुनील के रिक्त पद पर पत्नी को नौकरी दी जाए।

## विधायक से निवेदन

विधायक चेतन्य काश्यप से भी वाल्मीकि समाज ने निवेदन किया है कि सफाई कर्मचारी परिवार को सहायता राशि दी जाए। आदर्श वाल्मीकि पंचायत ने शासन-प्रशासन को सात दिन का समय दिया है। मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो मजबूर होकर वाल्मीकि समाज अन्य सफाई संगठनों को साथ लेकर शहर की सफाई व्यवस्था अनिश्चितकालीन रूप से बंद कर देगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन और प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन के दौरान जो लोग मौजूद रहे उनमें विजय खरे शहर पटेल, मनोज चावरे अध्यक्ष, हितेश पैमाल, सुनील रानवे, सुनील डागर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कल

रतलाम। स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के लिये 18 मार्च को सुबह 11 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में निर्वाचन की घोषणा से लेकर नाम निर्देशन-पत्रों की प्राप्ति, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन और आदर्श आचरण संहिता के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण 18 को

रतलाम. स्थानीय निकायों के आम निर्वाचन 2021 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के लिए 18 मार्च को सुबह 11 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में निर्वाचन की घोषणा से लेकर नाम निर्देशन-पत्रों की प्राप्ति, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन और आदर्श आचरण संहिता के बारे में जानकारी दी जाएगी। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग दुर्ग विजय सिंह ने बताया है कि प्रशिक्षण में कलेक्टर के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और दो जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स भी उपस्थित रहेंगे।

# आज आधे शहर में नहीं बंटेगा पानी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। खेतलपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 33 किलोवाट उच्चदाब का बिजली कनेक्शन लेने के लिए शटडाउन के चलते मंगलवार दोपहर 12 से शाम 7:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इसके चलते धोलावड़ के पंप बंद रहने से गोशाला टंकी, गंगासागर टंकी, महावीर नगर टंकी व काटजू नगर टंकी नहीं भर पाई। अब इन टंकियों से बुधवार को किया जाने वाला जलप्रदाय 18 मार्च गुरुवार को नियत समय पर किया जाएगा। इससे आधे से ज्यादा शहर में आज पानी के लिए लोगों को परेशानी होगी।

## इन क्षेत्रों में आज की बजाय कल होगा जल वितरण

**गोशाला टंकी वाले क्षेत्र :** धानमंडी, डालूमोदी बाजार, चौमुखी पुल, खेरादीवास, लौहार रोड, शहर सराय, मोमिनपुरा, कसाई मंडी, खटीक मोहल्ला, वेदव्यास कालोनी, भाटों का वास, मराठों का वास, राजेंद्र नगर, सुभाष नगर, इयात नगर, गौशाला रोड, पटेल कालोनी, मोची मोहल्ला, भुट्टा बाजार, नीम चौक, धनजी भाई का नोहरा, कलीमी कालोनी, थीरजशाह नगर गली नंबर एक से आठ तक व ईश्वर नगर।

**गंगासागर टंकी क्षेत्र:** संपूर्ण जवाहर नगर, राजस्व कालोनी, नया गांव, राजगढ़, टैगोर कालोनी, जनता नगर साईं मंदिर, महेश नगर, गुरु रामदास स्कूल क्षेत्र, क्रिश्चियन कालोनी, वरदान नगर, ओल्ड ग्लोबस कालोनी, गणेश नगर, इंद्रलोक नगर, नेहरू नगर, राजू नगर, अलकापुरी (भंडारी वाली रोड), कोमल नगर, निराला नगर, महेश नगर, शिव नगर, नारायण पहलवान की कालोनी, सज्जन विहार कालोनी, अपूर्वा कालोनी व सखवाल नगर आदि।

**महावीर नगर टंकी क्षेत्र :** जावरा रोड काजी खान की मस्जिद, आंबेडकर नगर, बोहरे की वाल, लोटस सिटी, महावीर नगर, रेहमत नगर, रामेश्वर मंदिर के पीछे, संजय नगर, प्रताप नगर, विक्रम नगर, राजस्व नगर आदि।

**काटजू नगर टंकी:** संपूर्ण काटजू नगर क्षेत्र।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार––पृष्ठ दिनांक 2021

# बुधवार, गुरुवार और शनिवार को लगेगा कोरोना का टीका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में अब बुधवार, गुरुवार और शनिवार को भी कोविड टीकाकरण किया जाएगा। उक्त सत्रों में 60 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति एवं 45 वर्ष से 60 वर्ष आयु समूह के कोमॉर्बिडिटी से पीड़ित व्यक्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी जन्म दिनांक दर्शाने वाली आई डी लेकर ऑन स्पॉट बुकिंग कराकर सीधे टीका लगवा सकेंगे। सीएमएचओ ने बताया कि टीकाकरण सत्रों के लिए 8080 लोगों को एक दिन में टीके लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। टीके लगाने के लिए पच्चीस प्रतिशत स्थान ऑनलाईन बुकिंग कराने वाले हितग्राहियों के लिए आरक्षित किए गए है। जिन फ्रंटलाईन वर्कर्स को 8 फरवरी से 16 फरवरी के मध्य पहला टीका लग चुका है वे दूसरा टीका सत्र स्थल पर उपस्थित होकर सीधे टीका लगवा सकते हैं। डीआरपी लाईन पर प्रथम और द्वितीय दोनों प्रकार के टीके का डोज दिया जाएगा। रेल्वे हास्पिटल रतलाम में केवल फ्रंटलाईन वर्कर्स को द्वितीय डोज लगाया जाएगा। पत्रिका।

## वैक्सीन आज सीधे केंद्र पर पहुंचकर लगवा सकेंगे

भास्कर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में बुधवार, गुरुवार और शनिवार कोविड से बचाव की वैक्सीन लगाई जाएगी। 60 साल से ज्यादा आयु के कोई भी व्यक्ति, 45 से 60 साल आयु समूह के कोमोर्बिलिटी से पीड़ित व्यक्ति सुबह 9 से शाम 5 बजे तक अपनी जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी लेकर ऑनस्पॉट बुकिंग कर सीधे टीका लगवा सकेंगे। एक दिन में 8080 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिन फ्रंटलाइन वर्कर्स को 8 से 16 फरवरी के बीच पहला टीका लग चुका है, वे दूसरा टीका सत्र स्थल पर लगवा सकते हैं। डीआरपी लाइन में प्रथम और द्वितीय दोनों प्रकार के टीके का डोज दिया जाएगा। रेलवे हॉस्पिटल व केवल फ्रंटलाइन वर्कर्स को दूसरा डोज लगाया जाएगा।

**अब फिर सख्ती शुरू** • पॉजिटिव के घर को बनाने लगे कंटेनमेंट, कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं करने वालों को अस्थायी जेल भेजने की तैयारी

# फरवरी में 96 संक्रमित थे, अब 8 दिन में 164 पॉजिटिव, डॉक्टरों को इस लहर के घातक होने का डर, बड़ी वजह... लापरवाही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे जिले में कोरोना तेजी से बढ़ रहा है। रफ्तार ऐसी है कि फरवरी में 96 पॉजिटिव मिले थे, वहीं अभी 8 दिन में 164 पॉजिटिव सामने आ गए हैं। इधर, चिंता की बात तो यह है कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को 71 मरीज भर्ती थे, इनमें से 20 आईसीयू में थे। कोरोना की इस लहर और रफ्तार को देख डॉक्टरों में भी डर है। डॉक्टरों के मुताबिक ये लहर ज्यादा घातक हो सकती है।

फरवरी और मार्च की शुरुआत में जिले में 2 से 3 पॉजिटिव सामने आ रहे थे लेकिन अब रोज 20 से ज्यादा संक्रमित मिल रहे हैं। अचानक बढ़ती संख्या ने सभी को चौंका दिया है। हालांकि ज्यादातर मरीज बिना लक्षण वाले हैं लेकिन चिंता यह है कि सीरियस केस भी ज्यादा सामने आने लगे हैं। डॉक्टरों की मुताबिक सीरियस केस की बड़ी वजह लापरवाही ही है... क्योंकि समय रहते संक्रमण का पता नहीं चल पाने के कारण ऐसी स्थिति बन रही है।

## बंदिश : अप्रैल-मई में बन रहे थे बड़े कंटेनमेंट, फिर खत्म हुए, अब दोबारा बन रहे

- **10 अप्रैल** - शहर में अब तक का सबसे बड़ा कंटेनमेंट बना था। यह 3 किलोमीटर का था। इसमें मोचीपुरा, बाईजी का वास, धभाईजी का वास, शेरानीपुरा शामिल थे। यहां 6 संक्रमित मिले थे।
- **12 मई**- सिद्धांचलम कॉलोनी में 400 मीटर का कंटेनमेंट बना था।
- **20 मई**- जवाहर नगर में 200 मीटर का कंटेनमेंट।
- **31 मई**- काटजू नगर में 100 मीटर का कंटेनमेंट।
- **14 जून**- शेरानीपुरा जमातखाने में 50 मीटर का कंटेनमेंट बना। इसके बाद तीन घर के कंटेनमेंट बनने लगे।
- **1 अगस्त**- एक घर का ही कंटेनमेंट बनने लग गया था, इसके बाद कंटेनमेंट बनना बंद हो गए।
- **24 नवंबर**- गुलमोहर कॉलोनी में गली को कंटेनमेंट बनाया गया था। इसके बाद ज्यादा केस मिलने पर ही कंटेनमेंट बन रहे थे।
- **16 मार्च**- अब फिर मरीज के घर को कंटेनमेंट बनाए जा रहे हैं।

### एक्टिव केस में 8वें नंबर पर रतलाम

रतलाम एक्टिव केस के मामले में प्रदेश में 8 वें नंबर पर है। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, बैतूल, छिंदवाड़ा में रतलाम से ज्यादा एक्टिव केस हैं। जिले में एक्टिव केस तेजी से बढ़े हैं। 1 मार्च को रिकवरी रेट 97.17 प्रतिशत था, जो अब 94.41 प्रतिशत पर आ गया है।

### नई लहर से बड़ा खतरा इसलिए ...

वर्तमान में महाराष्ट्र, गुजरात समेत दीगर राज्यों से बड़ी तादाद में बस व ट्रेन से यात्री आ रहे हैं। हालांकि तीन-चार दिन पहले ही सीमावर्ती इलाकों पर यात्रियों की जांच शुरू हुई है और ऐसे में नया स्ट्रेन शरीर में डेवलप होने में समय लग सकता है। हाल की रिसर्च में सामने आया है कि नए स्ट्रेन से एक पॉजिटिव करीब सात लोगों को संक्रमित कर सकता है जबकि पहले यह स्थिति दो लोगों के संक्रमण फैलने तक ही सीमित थी।


### अभी 315 सैंपलों की रिपोर्ट पेंडिंग

मार्च में तेजी से संक्रमण का आंकड़ा बढ़ रहा है और गत चार-पांच दिन से रोजाना बीस से ज्यादा पॉजिटिव सामने आ रहे हैं। 16 मार्च को जिले में 29 संक्रमित निकले। वहीं सैंपलिंग बढ़ी है और 315 सैंपलों की रिपोर्ट पेंडिंग है। सैंपल बढ़ने से अब मरीज भी बढ़ने का अंदेशा है।


### फीवर क्लिनिक पहुंचने वाले भी बढ़े

इधर, अब जिले में फीवर क्लीनिक पहुंचने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ गई है। फरवरी में 200 के आसपास सैंपल ही हो पा रहे थे, वहीं अब 400 के करीब सैंपलिंग का आंकड़ा पहुंच रहा है। जिले में महाराष्ट्र से आने वाले लोगों की बार्डर पर जांच की जा रही है।

### मार्च में अब तक सामने आए कोरोना पॉजिटिव




### जनवरी-फरवरी का महीना राहत भरा रहा था




### अस्थायी जेल भेजेंगे

यदि कोविड 19 की गाइडलाइन का पालन नहीं करता है, तो उन्हें अस्थायी जेल भेजा जाएगा।
**अभिषेक गेहलोत**, एसडीएम, रतलाम शहर

### संभलने की जरूरत है

नई लहर ज्यादा खतरनाक दिख रही है। हालांकि अभी कुछ दिन बाद स्थिति स्पष्ट होगी।
**डॉ. जितेंद्र गुप्ता**, अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज, रतलाम

### कंटेनमेंट बनना शुरू हुए

कंटेनमेंट बनना शुरू हो गए हैं। ज्यादातर की ट्रेवल हिस्ट्री है। रैपिड रिस्पांस टीम भी बनी है।
**डॉ. गौरव बोरीवाल**, एपिडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

# कोरोना का बढ़ता शिकंजा, शहर में रात 10 बजे बाद बाजार बंद

## चालानी कार्रवाई के लिए दस दल गठित

रतलाम ● स्वदेश समाचार

पिछले एक सप्ताह में लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार ने 17 मार्च से इंदौर–भोपाल में रात्रि कालीन कर्फ्यू प्रभावशील कर दिया है। वहीं रतलाम में रात 10 बजे से बाजार बंद करने के निर्देश दिए है। रतलाम में सोमवार को 25 संक्रमित मरीजों की पाजेटिव रिपोर्ट आई है, जबकि 290 मरीजों की सेम्पल की रिपोर्ट मेडीकल कालेज से आना शेष है। 13 मार्च को 24 पाजेटिव मरीजों की रिपोर्ट मेडीकल कालेज से प्राप्त हुई थी। 11 मार्च को 54 वर्षिय पुरूष की मृत्यु कोरोना से हो गई, जिसे 9 मार्च को भर्ती किया गया था।

जिले में अभी तक 84 लोगों की मृत्यु कोरोना संक्रमण से हो चुकी है तथा 4 हजार 610 से अधिक पाजेटिव मरीज पाए गए है। कुल एक्टीव कंटेनमेंट एरिये की संख्या 158 है। कंटेनमेंट एरिये में



कुल सर्वे की संख्या रतलाम–जावरा में 46 हजार 793 है। सोमवार तक संदिग्ध 85 हजार 321 सेम्पलों की जांच की जा चुकी है। शुक्रवार को आठ पाजेटिव भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। जिले में कुल पाजेटिव भर्ती एक्टिव मरीजों की संख्या 155 शेष है।

कोविड टीकाकरण लगाने का अभियान जिले भर में निर्धारित स्थानों पर प्रातः 9 से 5 बजे के बीच जन्म दिनांक दर्शाने वाले आईडी लेकर टीका लगवाने का अभियान निरंतर जारी है। सोमवार को भी मेडीकल कालेज तथा बाल चिकित्सालय में एक–एक हजार टीके लगवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। निजी अस्पताल आरोग्य हास्पीटल और गीता देवी अस्पताल में स:शुल्क 60 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति तथा 45 से 60 वर्ष आयु के कोमोबीडीटी से पीड़ित व्यक्ति सुबह 9 से शाम 5 बजे तक, अपनी जन्म दिनांक दर्शाने वाली आईडी लेकर टीका लगवा सकते है।

## चालानी कार्यवाही शुरू

रतलाम शहर में प्रतिदिन कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है, जिसके रोकथाम हेतु शहर में बिना मास्क एवं सोशल डिस्टेसिंग के नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों पर निर्धारित अर्थदण्ड आरोपित करने के लिए राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के 10 दल गठित किए गए। जो शहर के थाना क्षेत्रवार चालानी कार्यवाही करेंगे। इनके द्वारा 16 मार्च को शहर में 129 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से चालानी कार्यवाही करते हुए बिना मास्क के पाए गए 53 व्यक्तियों पर अर्थदण्ड आरोपित किए गए। स्वदेश



# बढ़ते कोरोना से प्रशासन सतर्क, दल ने बनाए 129 के चलाना

रतलाम। लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बाद अब प्रशासन भी अलर्ट हैं। लोगों को जागरूक करने के साथ ही मास्क का उपयोग करने और सावधानी रखने के लिए जागरूक करने के साथ ही कार्रवाई भी की जा रही हैं। मंगलवार को भी बनाए गए दल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की।

कोविड 19 बीमारी को वैश्विक महामारी के रुप में चिन्हित किया गया है। वर्तमान में रतलाम शहर में प्रतिदिन कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या बढ रही है। संक्रमण की रोकथाम हेतु शहर में बिना मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों पर निर्धारित अर्थदण्ड आरोपित करने के लिए राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों के दस दल गठित किए गए हैं, जो शहर के थाना क्षेत्रवार में चालानी कार्यवाही करेंगे। इसी तारतम्य में अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से चालानी कार्यवाही करते हुए बिना मास्क के पाए गए 53 व्यक्तियों पर अर्थदण्ड आरोपित किए गए।

16 मार्च को शहर में 129 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही की गई। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अभिषेक गहलोत ने बताया कि इस प्रकार यदि अब कोई व्यक्ति रतलाम शहर में कोविड 19 की गाईड लाईन का पालन नहीं करता है तो उन्हें अस्थायी जेल भेजने की कार्यवाही भी की जाएगी।

साथ आमजनों को जागरूक करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यमों से आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही लोगों से कोरोना से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की गई हैं।

राज एक्सप्रेस

कोरोना अलर्ट

**बिना मास्क वालों पर पूरे शहर में हुई चालानी कार्रवाई, नहीं माने तो अस्थाई जेल भेजेंगे**

# रात 10 बजे बाजार बंद करने के निर्देश



**रतलाम ■ राज न्यूज़ नेटवर्क**

लगातार बढ़ रहे कोरोना केस के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। वहीं अब बुधवार रात 10 बजे से बाजार बंद करने के आदेश दे दिए गए है। इस दौरान सिर्फ बाजार बंद किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा शहर सहित जिले भर में बिना मास्क वालों पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को शहर के अलग-अलग स्थानों पर जिला प्रशासन एवं निगम कर्मचारियों द्वारा बिना मास्क वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। शहर में राजस्व विभाग, नगर निगम, पुलिस विभाग ने 10 टीमें बनाई है जो अलग-अलग जगहों पर तैनात रहेगी, फिलहाल मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई करेंगे यदि लोग नहीं मानते हैं तो फिर स्थाई भेजने की कार्रवाई भी करेंगे। रतलाम के अलग-अलग क्षेत्रों में शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, नायब तहसीलदार पूजा भाटी सहित अन्य अधिकारियों ने चालानी कार्रवाई की।

## 129 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही

बिना मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों पर निर्धारित अर्थदण्ड आरोपित करने के लिए राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों के दस दल द्वारा संयुक्त रुप से चालानी कार्यवाही करते हुए बिना मास्क के पाए गए 53 व्यक्तियों पर अर्थदण्ड आरोपित किए गए। 16 मार्च को शहर में 129 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही की गई। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अभिषेक गहलोत ने बताया कि इस प्रकार यदि अब कोई व्यक्ति रतलाम शहर में कोविड 19 की गाईड लाईन का पालन नहीं करता है तो उन्हें अस्थायी जेल भेजने की कार्यवाही भी की जाएगी।

२५

# निगमकर्मी के मौत के बाद समाजजनों ने घेरा निगम परिसर, नौकरी सहित मुआवजे की मांग की

## सात दिनों की मोहलत, वरना करगें उग्र आंदोलन



रतलाम। विगत दिनों सुभाष नगर में हुई चाकूबाजी में वाल्मीकि समाज व निगम कर्मचारी की मौत के बाद उसके परिवार वालों और समाजजनों ने निगम परिसर में धरना दिया और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने सहित मुआवजे की मांग की। इस दौराना निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा एक दिन काम बंद कर धरना देते निगम आयुक्त मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए हुए सात दिन में मांग पूरी नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

धरना स्थल पर वाल्मीकि समाज के साथ हिन्दु समाज व विभिन्न संगठनों द्वारा परिवार को सहायता की मांग करते हुए ज्ञापन शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत को दिया और सात दिन में नौकरी देने और मुआवजे की मांग की। वहीं आरोपियों को फांसी की माग के साथ चेतावनी भी दि गई यदि 7 दिनों में मृतक परिवार को सहायता और पत्नी को दैनिक वेतनभोगी की नौकरी नही दि गई तो चरणबद्ध आन्दोलन करेंगे और शहर की सफाई व्यवस्था बंद कर दी जाएगी। वहीं समाजजनों ने निगम परिसर में ही पीड़ित परिवार को मदद देने के लिए राशि एकत्रित की। २१५

# संबल योजना के अपात्र व्यक्ति कलेक्टर के यहां अपील करें

## विधायक के प्रश्न पर श्रममंत्री ने दी जानकारी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

संबल योजना के अपात्र हितग्राही अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामांकित अपर कलेक्टर के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। अपील का यह प्रावधान शासन द्वारा 12 फरवरी 2021 को जारी पत्र में किया गया हैं।

यह जानकारी विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप के सवाल के जवाब में श्रम एवं खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत वर्ष 2018–19 में 01 अप्रैल 2018 से यह योजना प्रारंभ हुई थी। रतलाम नगर निगम क्षेत्र के 38,646 हितग्राही पंजीकृत किये गये थे। राज्य शासन द्वारा 20/09/2019 को दिये गये निर्देश पर चिन्हित हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 23,375 अपात्र घोषित किये गये। शासन द्वारा 12 फरवरी 2021 को दिये गये नये निर्देश के अनुसार अपात्र चिन्हित व्यक्ति अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी पुनः सत्यापन के लिये जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामांकित अपर कलेक्टर के यहां अपील कर सकते हैं। पात्र पाये जाने पर वे योजना के लाभ के लिये फिर से आवेदन कर सकेंगे। स्वदेश

# संबल योजना के अपात्र व्यक्ति कलेक्टर के यहां अपील करें: श्रम मंत्री

रतलाम। संबल योजना के अपात्र हितग्राही अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामांकित अपर कलेक्टर के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। अपील का यह प्रावधान शासन द्वारा 12 फरवरी 2021 को जारी पत्र में किया गया हैं।

यह जानकारी विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप के सवाल के जवाब में श्रम एवं खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत वर्ष 2018-19 में 01 अप्रैल 2018 से यह योजना प्रारंभ हुई थी। रतलाम नगर निगम क्षेत्र के 38,646 हितग्राही पंजीकृत किये गये थे। राज्य शासन द्वारा 20/09/2019 को दिये गये निर्देश पर चिन्हित हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 23,375 अपात्र घोषित किये गये। शासन द्वारा 12 फरवरी 2021 को दिये गये नये निर्देश के अनुसार अपात्र चिन्हित व्यक्ति अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी पुनः सत्यापन के लिये जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामांकित अपर कलेक्टर के यहां अपील कर सकते हैं। पात्र पाये जाने पर वे योजना के लाभ के लिये फिर से आवेदन कर सकेंगे।

# संबल योजना के अपात्र कलेक्टर से करें अपील

रतलाम। संबल योजना के अपात्र हितग्राही अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामांकित अपर कलेक्टर के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। अपील का यह प्रविधान शासन द्वारा 12 फरवरी 2021 को जारी पत्र में किया गया है।

यह जानकारी विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप के सवाल के जवाब में श्रम, खनिज साधन मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना एक अप्रैल 2018 से प्रारंभ हुई थी। नगर निगम क्षेत्र के 38646 हितग्राही पंजीकृत किए गए थे। राज्य शासन द्वारा 20 सितंबर 2019 को दिए गए निर्देश पर चि–त हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें 23375 अपात्र घोषित किए गए। शासन द्वारा 12 फरवरी 2021 को दिए गए नए निर्देश के अनुसार अपात्र चि–त व्यक्ति अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी पुनः सत्यापन के लिए कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामांकित अपर कलेक्टर के यहां अपील कर सकते हैं। पात्र पाए जाने पर वे योजना के लाभ के लिए फिर से आवेदन कर सकेंगे।

नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया –पृष्ठ 15 दिनांक 17/03/2021

## 29 नए मरीज मिले, प्रतिदिन का औसत 13 पर पहुंचा, आज से रात 10 बजे बंद होंगे बाजार

# आत्मघाती बेपरवाही : नहीं संभले तो दोबारा लाकडाउन का खतरा

नईदुनिया लाइव

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। उतार-चढ़ाव के बीच कोरोना संक्रमण काल को एक साल होने को है। 22 मार्च 2020 को जनता कर्फ्यू और फिर 25 मार्च से लाकडाउन के बाद अब तक 356 दिन में शुरुआती चार माह के बाद कोरोना संक्रमण कभी कम तो कभी ज्यादा होता रहा, लेकिन अब तेजी से मरीज बढ़ रहे हैं। कोरोना की यह दूसरी लहर खतरनाक हो सकती है, और सावधानी नहीं बरती तो फिर से लाकडाउन भी लगाना पड़ सकता है। यही वजह है कि अब प्रशासन फिर से सख्ती कर रहा है। शासन स्तर पर भी बुधवार से रात 10 बजे बाजार बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं। अभी बाजारों में लोग बगैर मास्क पहने ही दिखाई दे रहे हैं। यह लापरवाही आत्मघाती साबित हो सकती है। मार्च माह के 16 दिनों में प्रतिदिन नए मरीज मिलने का औसत 13 जबकि स्वस्थ होने वालों का औसत पांच है। नए मामले और डिस्चार्ज होने का अंतर लगातार बढ़ने से एक्टिव मरीजों की संख्या 175 हो गई है। इसके पहले छह जनवरी को इतने मरीज एक्टिव थे।

मंगलवार को 368 रिपोर्ट में 29 पाजिटिव मिले और स्वस्थ होने पर नौ डिस्चार्ज किए गए। संक्रमितों का आंकड़ा 4639 व स्वस्थ होने वालों की संख्या 4380 हो गई है। 84 की मौत हो चुकी है। मार्च के 16 दिन में 212 नए मामले मिले, 71 स्वस्थ हुए और दो की मौत हुई। 24 घंटे में शहर के चौमुखी पुल, दीनदयाल नगर, रेल नगर, बरबड़ नगर, कस्तूरबा नगर, हनुमान मंदिर के पास, मंगल मूर्ति, देवरा देवनारायण, राजपूत बोर्डिंग, गुलमोहर कालोनी, रिधि सिद्धि कालोनी, फ्री गंज, शास्त्री नगर, तोपखाना रोड, काटजू नगर, नामली, बिलपांक, जावरा क्षेत्र से नए मरीज मिले हैं। औसतन हर दिन 13 नए मरीज मिल रहे है और पांच मरीज स्वस्थ हो रहे है। नए मामले और डिस्चार्ज होने का अंतर लगातार बढ़ने से 175 मरीज एक्टिव है।



रतलाम के बाजार में बगैर मास्क लगाए घूमते हुए लोग। ● नईदुनिया

### कोरोना : अप्रैल 2020 से अब तक

| माह | पाजिटिव मिले | मौत |
|---|---|---|
| अप्रैल | 14 | 00 |
| मई | 23 | 01 |
| जून | 221 | 05 |
| जुलाई | 241 | 03 |
| अगस्त | 555 | 10 |
| सितंबर | 898 | 20 |
| अक्टूबर | 427 | 19 |
| नवंबर | 1017 | 12 |
| दिसंबर | 786 | 08 |
| जनवरी | 258 | 02 |
| फरवरी | 96 | 02 |
| मार्च | 183 | 02 |

**129 व्यक्तियों के चालान बनाए**

मास्क व शारीरिक दूरी रखने के नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस तथा नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों के दस दल गठित किए गए हैं। मंगलवार को एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान ने बिना मास्क के पाए गए 53 व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्रवाई की। दिन भर में शहर में कुल 129 व्यक्तियों के चालान बनाए गए। एसडीएम गहलोत ने बताया कि कोविड 19 की गाइडलाइन का पालन नहीं करने वालों को अस्थाई जेल भेजने की कार्रवाई भी की जाएगी।

**बिना मास्क यात्री मिले तो बस चालक-परिचालक पर कार्रवाई**

बसों में यात्री अगर मास्क लगाए बगैर मिलते हैं तो बस चालक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में परिवहन अधिकारी दीपक माझी ने सभी बस आपरेटरों निर्देश जारी किए हैं। विभाग की टीम आकस्मिक निरीक्षण भी करेगी।

**आज, कल व शनिवार को लगेंगे टीके**

जिले में बुधवार, गुरुवार और शनिवार को कोविड टीकाकरण सत्रों में 60 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति एवं 45 वर्ष से 60 वर्ष आयु समूह के कोमार्बिडिटी से पीड़ित व्यक्ति सुबह नौ से शाम पांच बजे तक जन्म तारीख दर्शाने वाली आइडी से आनस्पाट बुकिंग कराकर सीधे टीका लगवा सकेंगे।

### टीकाकरण की स्थिति

- लक्ष्य 179085
- टीके लगे 32272
- पहला डोज 25828
- दूसरा डोज 6444
- स्वास्थ्यकर्मी 6866
- फ्रंटलाइन वर्कर 68303
- 60 वर्ष से अधिक आयु वाले 11705
- 45 से 59 वर्ष आयु वाले 986

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 8080 लोगों को एक दिन में टीके लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिन फ्रंटलाइन वर्कर को 8 फरवरी से 16 फरवरी के मध्य पहला टीका लग चुका है वे दूसरा टीका सत्र स्थल पर उपस्थित होकर सीधे टीका लगवा सकते हैं। डीआरपी लाइन पर प्रथम और द्वितीय दोनों प्रकार के टीके का डोज दिया जाएगा। रेल्वे हास्पिटल रतलाम पर केवल फ्रंटलाइन वर्कर को दूसरा डोज लगाया जाएगा।

**इन अस्पतालों में लगेगा टीका**

शासकीय अस्पतालों में टीकाकरण पूरी तरह निशुल्क है। बुधवार, गुरुवार और शनिवार को बाल चिकित्सालय व मेडिकल कालेज रतलाम में एक-एक हजार व सिविल अस्पतालों में पांच सौ टीके लगाने का लक्ष्य रहेगा। सिविल अस्पताल आलोट, सिविल अस्पताल जावरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ताल, खाचरौद, बाजना, सैलाना, नामली, सैलाना, पिपलौदा था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलपांक, रावटी, बर्डियागोयल, बड़ावदा, ढोढर, रिंगनोद, कालूखेड़ा, सुखेड़ा, कांगरोद, बिरमावल, धामनोद, धराड़, सरवन, शिवगढ़ में टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

> हमें अभी यह नहीं मानना है कि कोरोना खत्म हो गया है। वैक्सीन लगाने के बाद भी सावधानी रखनी है। लापरवाही के कारण मामले बढ़ रहे हैं। मास्क लगाना, शारीरिक दूरी का पालन करना, भीड़-भाड़ से दूरी बनाना और सैनिटाइजर एवं साबुन से हाथ धोते रहना जरूरी है। कोरोना के लक्षण दिखने पर फीवर क्लीनिक में जांच कराएं।
>
> –डा. शशि गांधी, डीन, शासकीय मेडिकल कालेज रतलाम
>
> –सभी को अपनी जिम्मेदारियों का पालन करना होगा। गाइडलाइन का पालन करेंगे तो खतरा कम हो जाएगा। मेडिकल कालेज में उपचार के सभी इंतजाम है, लेकिन सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। मार्च के गत सात दिनों में ही पाजिटिव रेट पांच प्रतिशत से ज्यादा हो गया है। ऐसे में कोरोना से बचाव के लिए आमजन को स्वयं अनुशासित होना जरूरी है। मास्क पहनने व शारीरिक दूरी रखने को लेकर अभी शहर में दस टीमें गठित की है। कंटेनमेंट एरिया भी फिर से बनाए जा रहे है।
>
> –गोपालचंद्र डाड, कलेक्टर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 01 दिनांक 17/03/2021

# जीरो वेस्ट वार्ड बनाने से कचरा बीनने वालों को मिला रोजगार

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर को जीरो वेस्ट बनाए जाने की योजना में नगर निगम वार्ड 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19 व 41 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया है। इसके साथ ही स्व सहायता समूह की कचरा बीनने वाली महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हो रहा है। सोमवार से वार्ड 20 व 44 को भी जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया।

जीरो वेस्ट वार्ड में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हेल्पर के पहुंचे। वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आइईसी टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बाटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब इन्हें वार्डों में ही काम मिलने लगा है। इनकी सुरक्षा के लिए निगम द्वारा एप्रीन, ग्लब्स, मास्क आदि उपलब्ध कराये गए हैं। इससे इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

## नाकोड़ा व अमित ट्रेडर्स से 51 किलो पालीथिन जब्त

रतलाम। 50 माइक्रान से कम मोटाई की पालीथिन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के तहत कार्रवाई की जा रही है। निगम के अमले ने करमदी रोड क्षेत्र में नाकोड़ा ट्रेडर्स से 40 किलो व जावरा रोड क्षेत्र में अमित ट्रेडर्स से 11 किलो 50 माइक्रान से कम मोटाई की पालीथिन जब्त की और पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना किया।

इसके अलावा गंदगी करने व 50 माइक्रान की पालीथिन उपयोग करने पर चौपड़ा नमकीन हाकिमवाड़ा पर 3000, यश करमदी रोड पर 1000, साहू भाई करमदी रोड व राजकुमार डिस्पोजल धानमंडी पर 500-500, राहुल हरमाला रोड पर 250, कविता, ममता महलवाड़ा, कालूराम, अमित दीनदयाल नगर व दो अन्य पर 100-100 रुपये का स्पाट फाइन किया गया। कुल 73 किलो पालीथिन जब्त की गई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिंदे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा कार्रवाई की गई।

### फायदा

- शहरवासियों का भी मिल रहा सहयोग
- दो-दो कचरा संग्रहण वाहन बिना हेल्पर के पहुंचे

2